आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

श्री महावीर प्रसाद, न्यायिक सदस्य तथा

श्री मनीष बोरड, लेखा सदस्य के समक्ष

आभासी (Virtual) सुनवाई के माध्यम से

आ.अ.सं. 995 / इंदौर /2019

निर्धारण वर्ष : 2017-18

डॉ. श्रीमती विराज जायसवाल, भोपाल	बनाम	सहायक आयकर आयुक्त (सेंट्रल) ग्वालियर, भोपाल
अपीलार्थी		प्रत्यर्थी
स्था.ले.सं.-एडीएपीजे 6222 ए		

अपीलार्थी की ओर से	लिखित प्रतिवेदन
राजस्व की ओर से	श्री हर्षित बारी, व.विभागीय प्रतिनिधि

आ.अ.सं. 666 / इंदौर /2019

निर्धारण वर्ष : 2014-15

श्रीमता रेशमा मालवीय, उज्जैन	बनाम	प्रधान आयकर आयुक्त, उज्जैन
अपीलार्थी		प्रत्यर्थी
स्था.ले.सं.- एजेडब्ल्यूपीएम 5996 एम		

अपीलार्थी की ओर से	लिखित प्रतिवेदन
राजस्व की ओर से	श्री हर्षित बारी, व.विभागीय प्रतिनिधि

सुनवाई तिथि	01.10.2021
उद्घोषणा तिथि	02.11.2021

आदेश

न्यायपीठ द्वारा

ऊपर दर्शित निर्धारण वर्षों से संबंधित अलग-अलग निर्धारितियों की उपरोक्त शीर्षकों की अपीलें क्रमशः आयकर आयुक्त (अपील)-3, भोपाल के आदेश दिनांक 18.10.2019 तथा प्रधान आयकर आयुक्त, उज्जैन के आदेश दिनांक 11.03.2019 के विरूद्ध दाखिल की गई हैं ।

2. इन अपीलों के संबंध में, निर्धारितियों द्वारा लिखित निवेदनों के द्वारा यह निवेदन किया गया है कि निर्धारितियों ने “विवाद से विश्वास योजना” में आवेदन किया है तथा योजना के अनुसार, वर्तमान अपीलों को वापिस लेना अपेक्षित है । अतः निर्धारिती वर्तमान अपीलों का अनुसरण करने के इच्छुक नही हैं । दूसरी ओर, विद्वान वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि ने कोई आपत्ति नहीं की है यदि इन अपीलों को कथित योजना के अंतर्गत दबाव नहीं डाले जाने के कारण खारिज किया जाता है ।

3. उपरोक्त की दृष्टि में, हम निर्धारितियों द्वारा दाखिल इन अपीलों को वापिस लिए जाने के कारण खारिज करते हैं । यद्यपि, निर्धारिती विधि के अनुसार विनिहित अवधि के अंदर आदेश को वापिस बुलाने (recall) हेतु विविध आवेदन दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होंगे यदि संबंधित निर्धारिती का इस योजना के उपभोग करने हेतु आवेदन राजस्व द्वारा किसी कारण से स्वीकार नहीं किया जाता है या संबंधित निर्धारिती किसी कारण से इस योजना में भाग नहीं ले पाता है ।

4. परिणामतः, निर्धारितियों की अपीलें वापिस लिए जाने के कारण खारिज की जाती हैं।

यह आदेश 02.11.2021 को आयकर अपीलीय अधिकरण नियम, 1963 के नियम 34 के अंतर्गत उद्घोषित किया गया है।

हस्ता/-	हस्ता/-
(महावीर प्रसाद)	(मनीष बोरड)
न्यायिक सदस्य	लेखा सदस्य

दिनांक : 02.11.2021

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फ़ाइल